भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 178
गुरुवार, 20 जुलाई, 2023/29 आषाढ़, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में उड़ान परियोजना

178. श्री रमेश चन्द्र माझी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ओडिशा में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस उड़ान) के तहत चल रही और पूर्ण परियोजनाओं का विवरण क्या है;

(ख) क्या केंद्र सरकार का ओडिशा में आरसीएस- उड़ान के तहत नई परियोजनाएं शुरू करने का प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) 'उड़ान' योजना के अंतर्गत ओडिशा में अमरदा, जेपोर, झारसुगुड़ा, रंगिलुनदा, राऊरकेला और उटकेला हवाईपट्टियों को विकास और फ्लाइटों के प्रचालन के लिए चिन्हित किया गया है। इन हवाईअड्डों के पुनरुद्धार के पश्चात झारसुगुड़ा, जेपोर और राऊरकेला हवाईअड्डों से फ्लाइट प्रचालन शुरू किया गया। शेष हवाईपट्टियाँ विकास के विभिन्न चरणों में है।

(ख) और (ग): 'उड़ान' बाजार चालित योजना है। इच्छुक एयरलाइनें 'उड़ान' के अंतर्गत आयोजित बोली प्रक्रिया के समय मांग के अपने आकलन के आधार पर विशिष्ट मार्गों पर बोली प्रस्तुत करती हैं। ऐसा हवाईअड्डा जो उड़ान योजना के अंतर्गत अवॉर्ड किए गए मार्गों की सूची में शामिल है, एवं 'उड़ान' परिचालन प्रारंभ करने हेतु उन्नयन/विकास अपेक्षित है, उन्हें 'अपरिचालित एवं अल्पपरिचालित हवाईअड्डों' योजना के अंतर्गत विकसित किया जाता है।

सरकार ने ओडिशा राज्य सहित देश के अपरिचालित और अल्पपरिचालित गंतव्यों को हवाई संपर्कता प्रदान करने लिए दिनांक 21.04.2023 को 'उड़ान' का पाँचवाँ संस्करण जारी किया है।

****